हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 जुलाई 2024
[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 नपाध्यक्ष ने किया वाटर वर्क्स का निरीक्षण...



08 विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने किया...



## खबर संक्षेप

### निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक 24 को

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में तथा सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा की उपस्थिति में सिरोंज तहसील के ग्राम सेमलखेड़ी जैन तीर्थ स्थल पर होने वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 24 जुलाई को आयोजित की गई है। यह बैठक सेमलखेड़ी जैन तीर्थ स्थल परिसर में सुबह दस बजे से शुरू होगी।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 25 को

**विदिशा।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक अब 25 जुलाई गुरूवार को आयोजित की गई है। बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर तीन बजे से शुरू होगी। बैठक में जिन एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं जिला जल स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव ने बताया कि जल मिशन की नल जल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा प्रमुख रूप से की जाएगी इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर इस दौरान जानकारी प्राप्त की जाएगी।

### एक प्रकरण में जिला बदर का आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टरबुद्धेश कुमार वैद्य ने एसपी के पालन प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश में उल्लेख है कि विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक सचिन अहिरवार पुत्र पुत्र शेरूबाबू अहिरवार निवासी पानी की टंकी के पास लुहांगी मोहल्ला थाना कोतवाली विदिशा के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही तीन माह के लिए की गई है। उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से तीन माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

### जिले में अब तक 321.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**विदिशा।** जिले में इस वर्ष अब तक 321.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि शुक्रवार को 17 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर शुक्रवार 19 जुलाई की प्रातः आठ बजे दर्ज हुई वर्षा तदानुसार विदिशा में 31 मिमी, बासौदा में 9.2 मिमी, कुरवाई में 19.6 मिमी, सिरोंज में 28 मिमी, लटेरी में छह मिमी, ग्यारसपुर में दस मिमी, गुलाबगंज में पांच मिमी, नटेरन में आठ मिमी, शमशाबाद में 22.5 मिमी तथा पठारी तहसील में 31 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### सागर सांसद का दौरा कार्यक्रम आज

**विदिशा।** सागर सांसद डॉ लता वानखेडे आज शमशाबाद में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। सांसद डॉ वानखेडे दोपहर तीन बजे शमशाबाद के महानीम चौराहे पर स्थित नवोदय विद्यालय का निरीक्षण व पौधरोपण करेंगी। इसके पश्चात दोपहर साढे तीन बजे शमशाबाद नगर में पुराना बस स्टेंड पर आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं का आभार अभिव्यक्त करेंगी। शाम 6 बजे शमशाबाद से सागर के लिए रवाना होगी।

### महागौरी माता मंदिर से कावड़ यात्रा आज

**विदिशा।** आज महागौरी माता मंदिर समिति द्वारा डंडापुरा महागौरी माता मंदिर से कावड़ यात्रा सुबह 9 बजे से डीजे द्वारा निकली जाएगी। जो मुख्य मार्ग बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकाशा, माधवगंज, पीतर मील चौराहा से होते हुए श्रावण मास के प्रथम सोमवार को सुबह नीलकंठेशवर धाम उदयपुर पहुंचेगी। समिति से जुड़े गौरव सेन, राजकुमार गोड़ ने नगर के गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं से कावड़ यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

---

**बारिश से आफत :** नगर के नालों की सफाई न होने के कारण पहली बार शहर में बनी ऐसी स्थिति

**जिन क्षेत्रों से गुजरे नाले वहां 3 फीट तक सड़कों पर पानी भरा, दुकानों में भी घुसा**

**मुख्य बाजार में दो-दो फीट पानी नपा का कार्यालय भी जलमग्न**

# 50 मिनट में शहर तरबतर

## कागदीपुरा, पुराना अस्पताल, रामलीला से बजरिया, बड़ा बाजार से निकासा जाने के रास्ते बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार शाम 4:30 बजे से हुई जोरदार बारिश सिर्फ 50 मिनट ही हुई और शहर की सड़कें तीन - तीन फीट पानी से लबालब हो गईं। शहर के मुख्य बाजार में प्रवेश के सभी रास्ते बंद हो गए। लो बमुश्किल मुख्य बाजार में आ सके।

कागदीपुरा की सड़क पर चार फीट पानी होने से नीमताल से मुख्य बाजार में आने वाला रास्ता बंद हो गया। वहीं नीमताल से बड़े गणेश मंदिर और गुलाबवाटिका से डंडापुरा होते हुए बड़ा बाजार जाने वाले रास्ते पर तीन-तीन फीट पानी भर गया। पुलिस ने यहां बैरीकेट्स लगाकर रास्ते रोक दिया जिसके कारण घंटों तक हजारों की संख्या में वाहन चालक परेशान होते रहे। सिर्फ 50 मिनट हुई बारिश में शहर में जल निकासी का काम करने वाली नगरपालिका का परिसर भी जलमग्न हो गया।

घंटों तक लोग परेशान होते रही। जिन क्षेत्रों से नगर के नाले गुजरे हैं वहां पर जलभराव अधिक हो रहा है। क्योंकि इस बार सही तरीके से नालों की सफाई नहीं की गई।



विदिशा। पुराने बस स्टैंड से बड़े गणेश मंदिर जाने वाले रास्ते पर गाड़ियां डूब गईं, दुकानों के अंदर घुस गया पानी।


विदिशा। पुराने अस्पताल की डीपी पर गिरा पेड़।


विदिशा। नगर की गलियों में बनी ऐसी स्थिति।

### पुराने अस्पताल में लगी डीपी पर गिरा पेड़

तेज बारिश और हवा के कारण पुराने जिला अस्पताल परिसर में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर पर पेड़ गिर गया। जिससे मुख्य बाजार में घंटों तक बिजली सप्लाई बंद रही। बारिश के बाद कई निचली बस्तियों में घरों में पानी घुस गया। बारिश बंद होने के बाद नगरपालिका की जेसीबी भेजकर जलभराव वाले स्थानों पर पानी निकासी की व्यवस्था की गई। शहर में ऐसा पहली बार हुआ है जब जल भराव वाले स्थानों पर पिछले सालों की तुलना में अधिक जलभराव हो रहा है। जबकि पूरे शहर में सीवर लाइन बिछाई जा चुकी है। इसके बाद भी शहर में दोगुनी तेजी से जलभराव की स्थित निर्मित हो रही है।

### ऐसा जलभराव पहले शहर में नहीं देखा

पिछले वर्षों में शहर के भीतर कुछ स्थान ऐसे थे जहां जलभराव की स्थित बनती थी, लेकिन कुछ ही समय में पानी निकल जाता था। लेकिन सीवर लाइन डलने के बाद अब जहां जलभराव की स्थिति नहीं बनती थी वहां भी सड़कें पानी से लबालब होने लगी हैं। विदिशा शहर में करोड़ रुपए की लागत से सीवर लाइन डाली गई है। घरों की निकासी के पानी को लाइन से जोड़ दिया गया है, लेकिन अब बारिश का पानी शहर के लिए आफत बनने लगा है।


विदिशा। सिर्फ पुराने अस्पताल से स्टेशन जाने वाला मार्ग चालू रहा।

---

# जनपदों में होने वाली 15वें वित्त आयोग की बैठकों पर जिपं अध्यक्ष ने ली आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

15वें वित्त आयोग को लेकर विदिशा जिले की चार जनपद पंचायतों में 22 जुलाई को होने जा रही बैठक को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने आपत्ति ली है। जिला पंचायत अध्यक्ष के अनुसार जनपद पंचायत कुरवाई, नटेरन, ग्यारसपुर सहित जनपद पंचायत विदिशा में यह बैठकें होने जा रही हैं।

आपत्ति यह है कि पूरक कार्य योजना का अनुमोदन पहले संबंधित जनपद पंचायत की सामानय सभा में होता है इसके बाद जिला पंचायत की सामान्य सभा में अनुमोदन होने के बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक रखीं जानी थी। इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र भी जारी किया गया था।

### स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने लगाए पौधे

**विदिशा।** स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बच्चों से वृक्षारोपण कराया गया। बच्चों ने फलदार और छायादार पौधे लगाए। स्कूल प्राचार्य विनय अग्रवाल की ओर से सभी बच्चों को अपने घर के आसपास पेड़ लगाने की अपील की गई है।



# सीएम हेल्पलाइन की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची जारी, विदिशा जिला द्वितीय स्थान पर

- संतुष्टि के साथ 46 .39 प्रतिशत शिकायतें बंद हुईं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति व जिलेवार रैंकिंग सूची 19 जुलाई को जारी हुई है प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला द्वितीय स्थान पर है।

सीएम हेल्पलाइन की एक जून से तीस जून तक निराकृत प्रकरणो के आधार पर प्रथम समूह में शामिल विदिशा जिले की कुल 9784 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिसमें से संतुष्टि के साथ 46.39 प्रतिशत शिकायतें बंद हुई हैं। वहीं पचास दिवस से अधिक लंबित शिकायतो का निराकरण प्रतिशत 12.78 है। जबकि निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतो का बैटेज दस प्रतिशत को शत प्रतिशत हासिल किया गया है। इसी प्रकार नोट अटेंडेट शिकायतो का बैटेज दस प्रतिशत में से 9.87 प्रतिशत हासिल किया गया है।

इस प्रकार विदिशा जिले में कुल बैटेज स्कोर 79.04 है जबकि प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने वाले सीहोर जिले को कुल बैटेज स्कोर 79.63 है। इस प्रकार दोनो जिले बी रैटिंग सूची में शामिल है। इसी प्रकार जिला पंचायतो की भी रैंकिंग सूची जारी हुई है तदानुसार प्रदेश में विदिशा जिला पंचायत द्वितीय स्थान पर है। जिला पंचायत की जारी रैंकिंग सूची में प्रथम स्थान पर सागर जिला पंचायत है।

विदिशा जिला पंचायत को जून माह में कुल 755 शिकायते प्राप्त हुई थी जिसमें से 52.21 प्रतिशत शिकायते संतुष्टि के साथ निराकृत की गई है। पचास दिवस की शिकायतों में 15.83 प्रतिशत निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का बैटेज दस प्रतिशत नोट अटेंडेट शिकायतों का 9.8 प्रतिशत इस प्रकार कुल बैटेज स्कोर 87.84 प्रतिशत है।

## 516 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 7141 क्विंटल मूंग बेंची

**विदिशा।** जिले में मूंग फसल का समर्थन मूल्य 8588 रुपए प्रति क्वंटल की दर पर उपार्जन कार्य पांच केन्द्रों पर एक साथ किया जा रहा है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उपसंचालक श्री केएस खपाड़िया ने बताया कि जिले में अब तक 516 किसानों के द्वारा 7141.50 क्विंटल मूंग का विक्रय किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु किसान भाई अपना पंजीयन कार्य उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 31 जुलाई के 10 दिन पहले 21 जुलाई तक अनिवार्य रूप से कर सकते हैं। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने बताया कि जिले में 2624 किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग फसल विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है जिसमें से 516 किसानों के द्वारा अपनी ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया जा चुका है। सर्वाधिक बासौदा के उपार्जन केन्द्र क्रमांक एक ग्राम बंजारी माता परिसर बरेठ रोड गंजबासौदा में 3533 क्वंटल मूंग विक्रय बेची गई।

# बिजली गिरने से घर में काम कर रही महिला सहित तीन लोग झुलसे, कई घरों का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुरवाई जनपद के पठारी के आसपास आकाशीय बिजली गिरी। इसमें घर में काम कर रही महिला सहित तीन लोग झुलस गए। इनमें से दो हालत गंभीर है। उन्हें विदिशा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई घरों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए हैं।

क्षेत्र में करीब दो सप्ताह बाद गुरुवार शाम जोरदार बारिश हुई थी। इसी समय आकाशीय बिजली लोगों के लिए आफत भी लेकर आई। पठारी क्षेत्र में बडोह, पटरा, मुरार, बरखेड़ा, सूजामालूद, विसराई में आकाशीय बिजली गिरी। सूजा मालूद में खेत पर मौजूद मथुरापुर के सुनील पुत्र बलराम यादव पर बिजली गिरी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा ले गए। वहां से जिला अस्पताल विदिशा के लिए रैफर कर दिया। सुनील के परिजनों के अनुसार सुनील शुक्रवार को भी जिला चिकित्सालय में एडमिड है। हालांकि वह खतरे से बाहर है।

### दीवार क्षतिग्रस्त हुई

ग्राम बडोह के सोनू पटेल पर घर में आकाशीय बिजली गिरी। उसके कान में तकलीफ हो गई थी। उसे भी त्योंदा से जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। गांव में बिजली गिरने से टीवी सहित अन्य विद्युत उपकरणों को नुकसान हुआ है। ग्राम विसराई में पहलवान कुर्मी के घर पर बिजली गिरने से क्रांति बाई घायल हो गई। परिजन उन्हें खुरई अस्पताल ले गए। उपचार के बाद क्रांति बाई स्वस्थ्य हैं। पहलवान सिंह का मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। उनके घर में टीवी, कूलर, पंखा, चार्जर एवं बिजली सप्लाई बोर्ड आदि जल गए।

### पटवारी से मांगी रिपोर्ट

पठारी तहसीलदार अभिषेक पांडे ने बताया कि कुछ गांव में बिजली गिरने की खबरें मिली हैं। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पटवारी और चौकीदार निरंतर उन परिवारों की संपर्क में हैं। उनसे सर्वे की रिपोर्ट मांगी है।

**एसएटीआई से हटाए कर्मचारियों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन**

# बिना नोटिस सेवानिवृत्ति करने का आदेश, 18 टीचिंग स्टाफ और नान टीचिंग स्टाफ को नौकरी वापस दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार को सम्राट अशोक टेक्निकल इंस्टिट्यूट के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम और कलेक्टर के नाम लिखित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटोलिया को सौपा। जिसमें उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक टेक्निकल इंस्टिट्यूट के पॉलिटेक्निक कॉलेज में काम करने वाले 18 टीचिंग स्टाफ और नॉन टीचिंग स्टाफ के सदस्यों को समय से पूर्व बिना किसी सूचना के रिटायर्ड कर दिया गया है। उनके सेवानिवृत्ति की पूर्व में कोई सूचना नहीं दी गई न ही उन्हें कोई नोटिस भेजा गया। इस बात को लेकर विरोध करते हुए मामले की जांच कर उन्हें दोबारा वापस नौकरी पर रखने के संबंध में ज्ञापन दिया गया है। सदस्य ने बताया कि प्राचार्य के साइन से हमें हटाया गया है। बताया गया कि पिछले दिनों बोर्ड आफ गवर्नेंस की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है। एसएटीआई में अचानक से इतने कर्मचारियों को हटाना चर्चा का विषय बना हुआ है। बीओजी ने 9 जुलाई की बैठक में यह निर्णय लिया था। जिसके बाद कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया।


विदिशा। मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर एसएटीआई से हटाए गए कर्मचारियों ने वापस मांगी अपनी नौकरी।

# मुस्कान की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रजक समाज ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर के साथ-साथ पूरे जिले के रजक समाज और प्रदेश के कई हिस्सों से आए रजक समाज के सदस्यों ने नीमताल पर धरना दिया। गुनगुन मालवीय को डेढ़ महीने पहले मुस्कान राजपूत नामक युवती ने मौत के मुंह तक पहुंचा दिया था। पुलिस ने अब तक आरोपी को गिरफ्तार भी नहीं किया है। धरने के दौरान चेतावनी दी गई की 7 दिन के भीतर यदि मुस्कान को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सीएम हाउस के सामने पूरे प्रदेश के रजक समाज सभी संगठन धरना प्रदर्शन करेंगे। इतना समय बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपी युवती को गिरफ्तार नहीं किया है। इसी के कारण या धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। कई राष्ट्रीय पदाधिकारी ने इस घटनाक्रम को पूर्व संयोजित हत्या करार दिया है। प्रदर्शन के दौरान समाज के पदधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिन के भीतर मुस्कान राजपूत को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सीएम हाउस के सामने संगठन प्रदर्शन करेगा।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2628
उच्चतम भाव-3802
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2453
उच्चतम भाव-2811
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव- 2551
चना
न्यूनतम भाव- 4500
उच्चतम भाव- 6802
मसूर
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-6250
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4419
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-5150
उच्चतम भाव-5600
सरसों
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5800
उड़द
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-7772
मूंग
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-7953
धान
न्यूनतम भाव-2035
उच्चतम भाव-2530
अलसी
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
तुअर
न्यूनतम भाव-8710
उच्चतम भाव-8710
धना
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव-6300

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में शक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 5848 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बछड़ा हुआ घायल

**गंजबासौदा।** विगत दिनों रात्रि के समय शराब के नशे में एक कार चालक ने गाय के बछड़े को टक्कर मारकर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेठ रोड नया बस स्टैंड पर शराब के नशे में धुत बोलेरो चालक ने गाय के बछड़े को टक्कर मार दी। जिससे बछडा बुरी तरह घायल हो गया।

### नगर में 221 मिमी औसत बारिश दर्ज



**गंजबासौदा।** जिले में इस वर्ष अब तक 321.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि शुक्रवार को 17 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि तहसील में स्थापित वर्षामापी यंत्र पर गंज बासौदा में 9.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गंज बासौदा में आज तक 221 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है जबकि जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। उधर शुक्रवार को भी नगर में कुछ समय के लिए तेज बारिश हुई, वहीं उदयपुर एवं आसपास के क्षेत्र में दो घंटे तक झमाझम पानी बरसा।

# नपाध्यक्ष ने किया वाटर वर्क्स का निरीक्षण, जल सप्लाई आज से शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव पार्षदों एवं नपाकर्मियों के साथ बेतवा नदी के नौलखी घाट स्थित वाटर वर्क्स पर पहुंचे। जहां उन्होंने जल सप्लाई व्यवस्था को देखा। इस दौरान वाटर वर्क्स की साफ, सफाई, मोटर, इलेक्ट्रिक बोर्ड आदि की बारीकि से जांच कर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान 20 साल पुरानी 75 हॉर्स पावर की मोटर को मरम्मत के बाद पुनः चालू कराया गया। अब शनिवार की सुबह से नगर में जल सप्लाई व्यवस्था बहाल हो जाएगी। इस अवसर पर पार्षद रिचा संजय भावसार, पूर्व पार्षद योगेन्द्र समैया, कदीर भाई सहित नपा कर्मचारी मौजूद थे। यहां उल्लेखनीय है कि गुरुवार को सीएमओ ने विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि वाटर वर्क्स फ़िल्टर प्लांट पर ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। इसलिए






नगर में जल सप्लाई बाधित रहेगी। इसी के साथ नपा के जलप्रदाय शाखा के अमले ने त्वरित गति से कार्य करते हुए मेंटेनेंस कार्य एवं खराब हो चुकी दोनों बडी मोटरों को सुधारने का कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान करीब 20 साल पुरानी एक विशाल मोटर को भी सुधरवाकर उससे काम शुरू कर दिया गया। जिससे रात में टंकियां भरने के बाद शनिवार को सुबह से नगर में जल सप्लाई व्यवस्था पुनः सुचारु रुप से शुरु हो जाऐगी।

## विगत दिनों नगर में दो मामले आए सामने, लोग रहें सतर्क

# जालसाज अपनी बातों में फंसाकर लोगों के साथ कर रहे धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों जालसाजों द्वारा लोगों को अपनी बातों में फंसाकर उनके बैंक खातों से रुपए निकाले जा रहे हैं। ऐसे नगर में दो मामले सामने आए हैं। पहले मामले में एक जालसाज ने अपने आपको सेना से संबंधित बताते हुए एक फूल माला विक्रेता को करीब 11 हजार रूपए का चूना लगा दिया। इस जालसाज ने फूल माला विक्रेता से साइबर फ्रॉड करते हुए उससे 11 हजार रूपए ले लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौलखी मंदिर गली निवासी राजेन्द्र सैनी की निकिता फ्लावर डेकोरेशन नाम से दुकान है। गत दिवस उनकी पुत्री के पास एक फोन आया जिसमें फोन करने वाले ने अपने आपको सेना से संबंधित बताया और 30 मालाओं का आर्डर दे दिया। जब सैनी परिवार ने माला तैयार कर लीं तो थोडी देर बाद फिर से उसी जालसाज का फोन आया और पूछा कि माला तैयार हो गई हैं




**पहले मामले में जालसाज द्वारा पीड़ित को भेजा गया कैंटीन कार्ड**

क्या। जब सैनी परिवार ने बताया कि माला तैयार हैं, आप किसी को पेमेंट के साथ माला लेने भेज दीजिए। जिस पर जालसाज ने ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कही तो राजेन्द्र सैनी के पुत्र शिवम ने उससे ऑनलाइन पेमेंट के बारे में फोन पर बात की। इस दौरान जालसाज ने बहाना बनाकर शिवम से ही पांच रूपए का पेमेंट स्वयं को कराया और तुरंत ही शिवम को 10 रूपए वापस ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जालसाज ने अपनी बातों में शिवम को उलझाकर उससे तीन बार के ट्रांसेक्शन में तीन हजार, चार हजार और फिर चार हजार रूपए ट्रांसफर करा लिए। जब ये राशि वापस नहीं आई तो शिवम को शक हुआ और उसने जब दोबारा फोन लगाया तो



**दूसरे मामले का पीड़ित रानू कुशवाह**

जालसाज ने फोन ही नहीं उठाया। तब शिवम को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। शिवम के अनुसार जालसाज ने उसे झांसे में लेने के लिए अपना आईकार्ड भी सोशल साइट्स के माध्यम से भेजा था। जो थलसेना के संदीप रावत के नाम से था। इसी पर विश्वास करके शिवम ने उससे लेनदेन कर लिया। शिवम के अनुसार जालसाज द्वारा भेजा गया आईकार्ड भी नकली या किसी अन्य व्यक्ति का हो सकता है। इस संबंध में शिवम ने पुलिस को भी शिकायत की है।

दूसरे मामले में मिर्जापुर वार्ड नंबर 15 निवासी रानू कुशवाह ने गत दिवस सिटी थाना प्रभारी एवं सायबर सेल को एक आवेदन दिया था। जिसमें कहा गया है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक खाता में धोखाधड़ी कर उसके खाते से 27 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। उसका केनरा बैंक शाखा गंज बासौदा में खाता है। दिनांक 22 जून 2024 को अचानक मेरे मोबाइल की सिम बंद हो गई थी। फिर उसके बाद मेरे खाता संख्या से 23 जून 2024 और 24 जून 2024 को यूपीआई ट्रांजैक्शन के द्वारा कुछ अवैध ट्रांजैक्शन किए गए हैं, जो मैंने नहीं किए हैं। शिकायती आवेदन में पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए और ठगी से ली गई राशि वापस दिलाई जाए।

# ग्राम बर्री में चिकिनगुनिया पीड़ित के परिजनों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश के बाद जिला मलेरिया उन्मूलन टीम ने ग्राम बर्री पहुंचकर वहां चिकिनगुनिया के एक मरीज के परिजनों एवं ग्रामीणों से भेंट की और उन्हें डेंगू, चिकिनगुनिया, मलेरिया होने के कारण बताते हुए उन्हें रोकथाम एवं बचाव के उपाय बताए। इसके अलावा गुलाबगंज सहित अन्य गांवों, कस्बों एवं नगर में भी भ्रमण कर लोगों को बताया कि जीका, डेंगू, चिकनगुनिया एडीज मच्छरों से फैलता है। ये मच्छर टंकियों, बर्तन, मटके, पुराने टायर, गमले, कूलर आदि के अलावा खुले में जमा पानी में उत्पन्न होता है। इसकी रोकथाम के लिए कई दिनों तक पानी जमा न रहने दें, जिन बर्तनों या पात्रों में पानी भरा है उसे खाली करके रखें, यह मच्छर दिन में काटता है इसलिए अपने शरीर को पूरी तरह ढंककर रखें, मच्छरदानी का उपयोग करें, दरवाजों, खिडकियों पर मच्छर जाली लगाएं, मच्छरनाशकों का उपयोग करें और बीमारी होने पर तुरंत चिकित्सकीय उपचार लें। इस टीम में मलेरिया निरीक्षक विजय सिंह विश्वकर्मा, एमपीडब्ल्यू विनोद कृष्ण शर्मा, रेखा बाथम, फिरोज खान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। इस टीम ने नगर में आकर शासकीय अस्पताल प्रबंधन से भी चर्चा की और यहां चल रहे मलेरिया, डेंगू रोकथाम के कार्यों का जायजा लेते हुए मरीजों के बारे में जानकारी ली। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में इन दिनों मच्छर जनित बीमारियों के पीडित मरीज बढ रहे हैं। इसलिए मलेरिया उन्मूलन विभाग द्वारा सतत जागरूकता एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

# पूर्व छात्र का किया अभिवंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जब हम कक्षा 11 एवं 12 में होते ही तभी आपको अपने भविष्य का गोल तैयार कर लेना चाहिए। यदि आप अपने गोल पर केन्द्रीत हो जाते है, तो मंजिल दूर नहीं होती है। साइंस का विद्यार्थी होकर भी मैंने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की बल्कि आज बतौर मोटीवेटर आपके बीच मौजूद हूं। आपका बड़ा भाई होने के नाते कामर्स संकाय के छात्र-छात्राओं को सीए, सीएस सहित कैरियर की संभावनाओं से अवगत करा रहा हूं। यह बात सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के पूर्व छात्र वर्तमान में सीए के पद पर नियुक्त होने के साथ विभिन्न संस्थाओं को आर्थिक क्षेत्र में मार्गदर्शित कर रहे है पीयूष माथुर ने कामर्स संकाय के छात्रों से संवाद करते हुए कही। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने पीयूष माथुर का शिक्षक परिवार और कामर्स संकाय के छात्रों से परिचय कराया और उनकी सफलता संस्था के लिए गौरव का विषय बताया। पीयूष माथुर ने कामर्स संकाय के छात्रों को समझाया कि उन्होंने साइंस संकाय से 12 वीं पास की थी, लेकिन उन्हें सीए बनना था। सीए परीक्षा की तैयारी की और आज सीए बनकर प्रदेश की विभिन्न संस्थाओं में पहुंचकर मोटीवेट कर रहे है। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अनुज गुप्ता ने बताया कि पीयूष को कक्षा आठ से पढाया है। वह गणित विषय में श्रेष्ठ रहा था, जब कक्षा 12वीं में था तभी पिता का साया उठ गया, लेकिन मां की प्रेरणा से पीयूष ने मनवांछित मंजिल को हासिल किया। इस दौरान संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने पीयूष माथुर का अभिनंदन किया और उज्वल भविष्य की शुभकामना दी। इस दौरान रजनी गुप्ता, डॉ विजय जैन, डॉ अमरसिंह ठाकुर, कृष्णपाल सिंह चौहान, सोनू राय, गोविंद कुशवाह, प्रियंका अग्रवाल, सुपार्श जैन आदि मौजूद रहे।

# नपाध्यक्ष ने सफाई कामगारों को वितरित किए रैनकोट






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, स्वास्थ्य समिति सभापति रिचा संजय भावसार एवं सीएमओ जयंत वर्मा के निर्देश अनुसार गुरूवार को शाम के समय नपा कार्यालय में सफाई कर्मियों को रैनकोट वितरण किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में सफाई कर्मी सुबह और शाम को नियमित सफाई करते हैं। ऐसे में बारिश में उन्हें दिक्कत न हो और बरसात में भी सफाई कर्मी सुविधा जनक ढंग से कार्य कर सकें, इसलिए नपा द्वारा नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के मार्गदर्शन में रैनकोट वितरण कराया गया। इस दौरान नपा के सभी सफाई कामगार एवं नपाकर्मी मौजूद थे।

### एसडीओपी ने त्योंदा थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**त्योंदा।** शुक्रवार को एसडीओपी मनोज मिश्रा ने त्योंदा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। जिसमें सर्वप्रथम थाना त्योंदा पुलिस बल की परेड लेकर टर्न आउट चेक किया गया एवं थाना परिसर की साफ सफाई देखी गई। थाना के सभी विवेचकों से पेंडिंग अपराध गुम इंसान, मर्ग, आवेदन, एमएलसी के संबंध में चर्चा की गई एवं थाने का रिकॉर्ड अनुसार सभी रजिस्टर चेक किए गए एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



## बैठक में विभिन्न समस्याओं पर की विस्तार से चर्चा

# बीईओ, बीआरसी, लिपिकों के साथ हुई शिक्षक संगठन की बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन की ओर से विगत दिनों शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा गया था। इसी तारतम्य में एसडीएम के निर्देश पर शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार ने बासौदा विकासखंड के समस्त लिपकीय संवर्ग के साथ संगठन के प्रतिनिधि मण्डल की बैठक का आयोजन किया। जिसमें संगठन की ओर से शिक्षकों की विभिन्न समस्याऐं रखी गई। जिनमे से स्थानीय स्तर के निराकरण तुरंत करते हुए उच्च स्तर हेतु प्रतिवेदन देना निश्चित हुआ। संगठन की मांग पर सभी संकुल को निर्देशित किया जाएगा की शाला और शिक्षकों से संबंधित सभी जानकारियां संकुल पर ही संधारित की जाएं, कोई नवीन जानकारी ही शाला से मांगी जाए।

शिक्षकों की सेवा पुस्तिका की एक प्रति शिक्षकों को दी जाए। शिक्षकों के सभी लंबित देयको का अविलंब भुगतान कर उनके कोई भी प्रकरण शेष न रखने संबंधी निर्देश संकुल प्रभारियों को शीघ्र जारी किए जायेंगे। साथ ही संगठन की मांग से सहमत होते हुए संकुलों को निर्देश जारी किए जायेगे कि किसी भी स्थिति में कोई भी एक शिक्षकीय शाला किसी भी कारण से बंद न हो आवश्यक होने पर संकुल इस शाला में शिक्षक की पूर्ति करें। जो भी प्रमाणीकरण पूर्व में दिए जा चुके है अनावश्यक शालाओं से न मांगे जाएं। ऐसे बीएलओ जो उस गांव में पदस्थ नहीं है, उनके स्थान पर उसी ग्राम से बीएलओ बनाया जाए, ऐसा प्रस्ताव निर्वाचन शाखा को भेजा जाएगा। साथ ही पोर्टल पर जानकारी अपडेट हो इस हेतु वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जायेगा और भी अन्य जरूरी समस्याओं का निराकरण संबंधी निर्देश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। ऐसी सहमति बैठक में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के बीच बनी।

बैठक में उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी कपिल तिवारी, लिपकीय संवर्ग और संगठन के प्रथ्वी सिंह रघुवंशी, अमरसिंह तोमर, लम्पूराम अहिरवार, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव के मध्य किसी भी समस्या के निराकरण का हर संभव प्रयत्न करने की सहमति बनी। संगठन द्वारा भी शैक्षणिक व्यवस्थाओं में सुधार हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन बीईओ बीआरसी को दिया गया।

# स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल में सेमिनार आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों स्थानीय स्कॉलर्स पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल पचमा रोड़ में भारतीय वायु सेना के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं में सेना का हिस्सा बनने के लिए जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत वायु सेना के अधिकारी सार्जेन्ट एके सिंह, सार्जेन्ट राजीव, पूर्व सार्जेन्ट मुकेश एवं बालकल्याण सदस्य हजारी लाल पाटस्कर द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना में अग्निवीर के रूप में सम्मलित होकर देश सेवा एवं स्वयं के सर्वाग्रीण विकास के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस सेमिनार में हायर सेकेण्डरी स्तर के विद्यार्थियों ने काफी रूचि ली। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राहुल पणिकर, उप प्राचार्य ऋषिराज श्रीवास्तव एवं अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### वृद्धाश्रम में वाटर कूलर भेंट किए

**सागर।** बीपीसीएल रिफाइनरी बीना ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वृद्धाश्रम में शुद्ध एवं शीतल पेयजल के लिए आरओ एवं वाटर कूलर भेंट किए। इस मौके पर सागर सांसद लता वानखेड़े ने रिबन काटकर आरओ और वाटर कूलर सौंपे। इस दौरान वृद्धाश्रम में स्वच्छता किट भी बांटी गई। सांसद ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर बीपीसीएल महाप्रबंधक शिरीष चान्द्रेड़कर, केपी मिश्रा, सामाजिक एवं न्याय विभाग के उप प्रबंधक जेडी डी. एस. यादव, वृध्दाश्रम के संचालक अवधेश मौजूद थे।

### पुस्तक किशनगढ़ की कविता का विमोचन कल

**सागर।** नगर के ख्यात कथाकार,कवि आर के तिवारी के लघु उपन्यास किशनगढ़ की कविता का विमोचन एवं चर्चा का आयोजन 21 जुलाई रविवार को दोपहर 2 बजे से दीपक सभागार सिविल लाइंस में किया जावेगा। प्रतिष्ठित संस्था श्यामलम के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल पंकज सिंह होंगे। साहित्य सरस्वती पत्रिका की संपादक ख्यात साहित्यकार डॉ. लक्ष्मी पाण्डेय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी तथा सुप्रसिद्ध उपन्यासकार डॉ. शरद सिंह और डॉ हरीसिंह गौर वि वि में प्रोड्यूसर माधव चंद्रा पुस्तक पर समीक्षात्मक वक्तव्य देंगे। मंत्र अकादमी के निदेशक शैलेन्द्र तिवारी विशेष अतिथि होंगे। स्तंभकार लेखक प्रदीप पाण्डेय संचालन करेंगे।

### रिवांप्ड सीआरएस पोर्टल का प्रशिक्षण 22 जुलाई से

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशानुसार जन्म-मृत्यु ऑनलाइन पंजीयन से संबंधित रिवांप्ड सीआरएस पोर्टल पर इकाइयों द्वारा किये जाने वाले पंजीयन कार्य के दौरान तकनीकी कठिनाइयों के निदान हेतु जनगणना कार्य निदेशालय के द्वारा जिला सागर में द्वितीय चरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण 22 जुलाई से 2 अगस्त तक समय दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक जनपद जैसीनगर, सागर, राहतगढ़, देवरी, शाहगढ, बण्डा में होगा।

## कार्यकर्ताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा के आगे नतमस्तक हूं : सांसद डॉ. लता वानखेड़े

# भाजपा में हर कार्यकर्ता का भविष्य सुरक्षित लता हैं इसका प्रतीक : पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

विश्वास के साथ काम करना अच्छे कार्यकर्ता की पहचान है। लोकसभा क्षेत्र से लता वानखेड़े की जीत पर बूथ के हर कार्यकर्ता का अभिनंदन है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम से खुरई विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान हुआ। 263 पोलिंग बूथों में से 251 बूथों पर हमारी प्रचंड और ऐतिहासिक विजय हुई है। इन शब्दों के साथ पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के उन सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया जो सांसद डॉ. लता वानखेड़े की उपस्थिति में आयोजित कार्यकर्ता आभार सम्मेलन में आए। पूर्व मंत्री सिंह ने अपने वायदे के अनुसार सर्वाधिक मतों से जीतने वाले तीन मतदान केंद्रों के विकास के लिए 10-10 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की। उन्होंने मुख्यमंत्री से विधायकों को मिलने वाली 15 करोड़ की विकास राशि को 100 ग्राम पंचायतों में बराबरी से आवंटित करने की घोषणा की।

पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा विचारधारा पर आधारित इकलौती पार्टी है इसलिए अन्य दलों की तरह यहां टूट फूट या संघर्ष नहीं होता। इसलिए भाजपा पूरे देश में बढ रही है। भाजपा का कार्यकर्ता अनुशासन से बंधा होता है। नेतृत्व और संगठन उसे जो भी कार्यक्रम और लक्ष्य देता है उसे पूरे परिश्रम से कार्यकर्ता पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि बूथ पर कार्यकर्ताओं की छवि पर चुनाव होते हैं। प्रत्याशी तो निमित्त मात्र होता है। सिंह ने बताया कि हम 263 में से सिर्फ 12 बूथों पर नहीं जीत सके। इन 12 बूथों तथा कम मार्जिन से जीते गए बूथों पर हम अपने कार्यकर्ताओं को और सशक्त करेंगे। भविष्य में होने वाले हर चुनाव में हम शत प्रतिशत बूथों पर बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए और ज्यादा परिश्रम करेंगे। सिंह ने कहा कि विकास हमारी सरकार की उपलब्धि है विकास का लाभ जनता को मिले यह कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर होता है। कार्यकर्ता की छवि जनता में सेवा भावना के लिए बनना चाहिए इसलिए सभी सेवा का कोई काम हाथ में लें। उन्होंने कार्यक्रम में प्रत्येक कार्यकर्ता को संकल्प दिलाया कि वह अपने ग्राम, वार्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण करे। साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं अपनी मां के नाम से एक वृक्ष लगाए और इसके लिए ट्री गार्ड, पानी और रखरखाव की जिम्मेदारी ले।



सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं आपके परिश्रम की पराकाष्ठा के आगे नतमस्तक हूं। इस जीत का श्रेय बूथ और मंडल के कार्यकर्ताओं को जाता है जिन्होंने भूपेंद्र भैया के नेतृत्व में भीषण गर्मी में मतदाताओं के बीच निरंतर काम किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पूरे लोकसभा क्षेत्र के लिए लगातार भूपेंद्र भैया से सटीक मार्गदर्शन मिलता रहा। भूपेंद्र सिंह विलक्षण नेता हैं, पार्टी उन्हें देश भर में कहीं भी दायित्व पर लगाती है वहां अच्छे परिणाम मिलते हैं। उनके कुशल व सक्षम नेतृत्व का गौरव हम सभी को है। डॉ. वानखेड़े ने कहा कि हमारी उपलब्धियां हमारी सांझी धरोहर हैं जिन पर हमें गर्व है। हम सभी मिलकर गरीब कल्याण, सुशासन और विकास के लिए काम करेंगे। पूरे लोकसभा क्षेत्र के 20 प्रतिशत बूथों पर जहां हमें सफलता नहीं मिली है हम और ज्यादा मेहनत से काम करेंगे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह व सांसद डॉ. वानखेड़े ने पुष्प वर्षा कर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को रामनिवास माहेश्वरी, वीर सिंह ठाकुर, मूरत सिंह राजपूत, चंद्रप्रताप सिंह ईसुरवारा, देशराज यादव ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष हरिराम सिंह

## शक्ति केंद्र 5 की बैठक आयोजित

# भाजपा ने किया पोलिंग बूथ कार्यकर्ताओं का सम्मान



**सिरोंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 में भारतीय जनता पार्टी शक्ति केन्द्र 5 पर बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पं दीन दयाल उपाध्याय एंव डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण का बैठक का शुभारंभ किया। तो वही वार्ड क्रमांक 14,15,16 के पोलिंग बूथ भाजपा कार्यकर्ताओं का भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश यादव एंव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पदम ताम्रकार ने सम्मान किया। वही शक्ति केन्द्र के सयांजक भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी कन्ना ने समस्त कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनाकर पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,पार्षद हरिचरण अहिरवार, इमरान कुरैशी, नारायण सिंह कुशवाह,शिवचरण कुशवाह, झुन्नीलाल साहू,विमल साहू, सलीम पहलवान,जीवन सिंह मीना, प्रदीप केवटइमरत लाल पंथी, केलाश प्रजापति, प्रदीप राठौर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कैप्टन पद मिलने पर नगरवासियों ने दी बधाई

# नासिर की 4 एमपी बटालियन में कैप्टन पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज की माटी के सपूत नासिर सईद अली को 4 एमपी बटालियन में कैप्टन पद पर पदोन्नति की गई। भारत-4 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय कोहली ने लेफ्टिनेंट नासिर सईद अली को कैप्टन के पद पर पदोन्नत किए जाने की घोषणा करते हुए खुशी जाहिर की।

यह उपलब्धि कैप्टन नासिर अली द्वारा नागपुर के कैम्पटी में ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में एक महीने के कठोर रिफ्रेशर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद मिली है। बीएसएसएस कॉलेज भोपाल के एक प्रतिष्ठित अधिकारी



कैप्टन नासिर अली ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान असाधारण नेतृत्व कौशल, समर्पण और उत्कृष्टता के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। यह पदोन्नति उनकी कड़ी मेहनत और चुनौतीपूर्ण वातावरण में उत्कृष्टता प्राप्त करने की क्षमता का प्रमाण है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कठोर शारीरिक कंडीशनिंग, सामरिक युद्धाभ्यास, हथियारों की दक्षता और टीम वर्क अभ्यास शामिल थे,जिसमें पूरे भारत से 480 प्रशिक्षु शामिल थे। कैप्टन नासिर अली के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें कंपनी सीनियर के रूप में नियुक्ति दिलाई, जो एक प्रतिष्ठित सम्मान है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ओटीए के कमांडेंट मेजर जनरल के.जे.एस. राठौर के साथ पासिंग-आउट ग्रुप फोटो में बैठने का अवसर था। कर्नल कोहली और बीएसएसएस कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. फादर जॉन पीजे ने कैप्टन नासिर अली को उनकी अच्छी तरह से योग्य पदोन्नति पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके अटूट समर्पण और दृढ़ता को दर्शाती है। मुझे विश्वास है कि वे वह अपनी नई भूमिका में उत्कृष्टता हासिल करना जारी रखेंगे और अपने साथियों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेंगे। 4 एमपी बटालियन में नासिर अली को टीम का हिस्सा बनाने पर बहुत गर्व है और यूनिट की सफलता में उनके निरंतर योगदान की उम्मीद है। इस अवसर पर सिरोंज से रफत उल्लाह सदाकत हुसैन, जफर, देवेन्द्र बघेल आदि ने बधाई दी।

# मुख्य बाजार में डामरीकरण की मांग को लेकर भाजपा पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भाजपा के वरिष्ठ पार्षद अजमल शेर खान ने शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय पहुचकर नपा इंजीनियर अखिलेश मार्को को ज्ञापन सौपकर वीर अब्दुल हमीद चौराहा, कोर्टगेट, मुख्य बाजार से लेकर कस्टम पथ तक डामरीकरण कराने जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि नगर के कोर्टगेट मुख्यबाजार से कस्टम पथ तक मार्ग की स्थिति दयनीय है। सड़क के दोनो व बीच में काफी गड्ढे हो गए हैं। जिस कारण आए दिन दो पाहिया वाहन चालक इन बडें बडें गड्ढों के कारण गिर



चोटिल हो रहें है। वही उन्होने कहा कि आने वाली परिषद की बैठक में उक्त मार्ग के डामरीकरण कराए जाने के मुख्य ऐजेन्डें में शामिल कर जल्द से जल्द मुख्य मार्ग पर डामरीकरण कराया जाए। जिससे की आम नागरिक दुर्घटनाओं का शिकार होने से बचें।

# जरूरत के मुताबिक नहीं मिल रहा खाद

## मंडी स्थित मार्कफेड गोदाम पर लग रही किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जिन किसानों द्वारा धान की रोपाई कर दी गई, ऐसे सेकडो किसान एक-एक बोरी डीएपी, खाद के लिए भटक और परेशान हो रहे है। खुले मार्केट में डीएपी, खाद के दर्शन नहीं हो रहे है। खाद सिर्फ सहकारी संस्थाओं या विपणन संघ की गोदामों पर ही मिल रहा है। खाद के भंडारण में जिम्मेदारों की उदासीनता से खाद का भारी संकट कमी किसानों के लिए परेशानियों का कारण बन रहा है।

### पिछले डेढ दशक से बाड़ी

बरेली क्षेत्र बासमती धान का विशेष उत्पादक क्षेत्र बना हुआ है। किसानों द्वारा खरीफ सीजन में मुख्य रूप से बासमती धान की खेती कर लाखों कु. धान पैदा कर प्रदेश और देश का चावल भंडार भरा जा रहा है। क्षेत्र में पैदा हुई धान से निकले चावल में स्वाद खुशबू और पौष्टिकता के कारण बासमती चावल की अलग ही पहचान और मांग रहती है।

### भंडारण के प्रति उदासीनता

कृषि विभाग एवं विपणन संघ को पूर्व से मालूम रहता है, कि बाड़ी बरेली तहसीलो में धान की खेती के कारण कितनी मात्रा में यूरिया, डीएपी, खाद की खपत बिक्री और उठाव होता है। पिछले वर्ष के आंकडो के अनुसार बाड़ी, बरेली, खरगौन में बारिश सीजन से पूर्व खाद का स्टाक किया जा सकता था। ऐसा नहीं होने की स्थिति में अब किसान अपनी आवश्कतानुसार डीएपी, खाद न मिलने से भारी परेशान हो रहे है। खाद की कमी का लाभ उठा कर सह. संस्थाओं, विपणन संघ की गोदाम प्रभारियों की मिलीभगत से कुछ लोग अधिक राशि लेकर खाद बैंचने भी सक्रिय बने हुए है। किसान भी अधिक राशि देकर खाद खरीद रहे है। ब्लेक में बिक रही धान की क्वालिटी कैसी है। अन्य खाद को डीएपी खाद के रूप में तो नहीं बैंचा जा रहा। इसकी जांच के प्रति भी जिम्मेदारों की गहरी उदासीनता बनी नजर आ रही है।

### गोदाम में लग रही भीड़

क्षेत्र के हजारो किसान मुश्किलो और पानी बारिश की कमी के बीच धान की रोपाई कर चुके ऐसे किसानों द्वारा धान की उम्दा पैदावार पौधो की बढत ग्रोथ के लिए डीएपी, यूरिया, खाद का डोज डाला जा रहा है। इसी कारण डीएपी, खाद खरीदने किसानों की मंडी स्थित गोदाम पर भारी भीड लग रही है। लाइनो में घंटों खड़े रहने के बाद भी किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार खाद नहीं मिल पा रहा है। सहकारी संस्थाओं के पास भी डीएपी, खाद की भारी कमी बनी हुई है।

# सरकारी स्कूल खेल मैदान पर झोपड़ी बना कर अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के निकटवर्ती ग्राम, ग्रापं. कामतौन के सरकारी स्कूल की खेल मैदान की भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा किए जाने के कारण स्कूल में पढने वाले छात्र खेल की गतिविधियों से वंचित बने हुए है।

स्कूल के प्राचार्य द्वारा महीनों पूर्व अतिक्रमण हटाने आवेदन दिया गया है। अतिक्रमण हटाने के एवज में मकान टपरिया वाले मंजूर खान को दूसरे स्थान भी दिए जाने और अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिए जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। अतिक्रमण करने वाला राजस्व, शिक्षा विभाग पर भारी नजर आ रहा है। कामतौन के सरकारी स्कूल के पास कई एकड भूमि है। मुख्य मार्ग ,तैदोनी नदी के पास सरकारी भूमि पर अनेक निर्माण हुए। स्कूल की सरकारी भूमि पर सड़क के किनारे भी अतिक्रमण किए जाने की चर्चा है। जिस मंजूर खान द्वारा सरकारी स्कूल, खेल मैदान की भूमि पर बीचो बीच अवैध कब्जा कर मकान बनाया गया है। उससे वर्षो से मैदान का स्कूली छात्रों द्वारा खेल गतिविधियों के लिए उपयोग हीं नहीं कर पा रहे है। अतिक्रमणकर्ता की हठधर्मिता और जिम्मेदारों की उदासीनता कब तक अवैध कब्जा हट पाएगा, स्कूल प्रबंधन और छात्रों को इंतजार बना हुआ है।

### शराब पीने नहीं दिए पैसे तो युवक को पीटा

**रहली।** सागर जिले के रहली में शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए तो तीन बदमाशों ने एक युवक को बीच सड़क पर पीटा। मारपीट करते हुए उस पर कटर से भी हमला किया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रहली के कांसल पिपरिया निवासी अशोक कुशवाहा उम्र 34 साल कुल्हाड़ी में धार बनवाने के लिए रहली आया था। बाजार में काम पूरा कर वह वापस अपने गांव जा रहा था। तभी महाराणा प्रतिमा के पास रास्ते में राहुल, विनय और हेमंत मिले। वह अशोक से बोले कि तुम्हारी कुल्हाड़ी मुझे चाहिए। अशोक ने कुल्हाड़ी देने से मना किया तो वे शराब पीने रुपए मांगते हुए कहने लगे कि नहीं दोगे तो बहुत मारेंगे। अशोक ने रुपए देने से मना किया तो तीनों गालीगलौज करने लगे। गालियां देने से मना किया तो राहुल ने जेब से कटर निकालकर अशोक पर वार किया। कटर अशोक के पेट में लगा। जिससे खून निकलने लगा। फिर विनय और हेमंत ने लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। मारपीट में अशोक के पैर और पीठ में चोटें आई हैं। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। मामले में घायल अशोक की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों कोन्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया।



# एसडीएम बने शिक्षक, दसवीं में गणित का कराया अध्ययन, किया पौधरोपण

**सागर।** एसडीएम विजय डेहरिया शासकीय हाई स्कूल मेनपानी पहुंचे जहां उन्होंने शिक्षक की भूमिका अदा करते हुए कक्षा 9वीं एवं 10वीं में अलग-अलग विषय की कक्षाओं का अध्ययन कराया। उन्होंने कक्षा दसवीं में गणित एवं कक्षा नवमी में हिंदी विषय का अध्ययन कार्य कराया एवं विद्यार्थियों से प्रश्न भी किए। उन्होंने कक्षा नवमी एवं दसवीं में उपस्थिति की सराहना की। एसडीएम डेहरिया ने कक्षा दसवीं में गणित विषय के विभिन्न सूत्र भी पूछे जिनका उत्तर विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ दिया। उन्होंने शाला परिसर में संस्था की प्राचार्या अंजू श्रीवास्तव, स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण किया और कहा कि आप सभी एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगायें। पौधे हमेशा हमें नया जीवन देते हैं इसलिए हमें पौधे अवश्य लगाना चाहिए एवं संकल्प लेकर उनका संरक्षण भी करना चाहिए। एसडीएम डेहरिया ने पटवारी को निर्देशित किया कि शाला परिसर एवं शाला की जमीन पर हो।

### स्कूल से बाहर निकल रही छात्रा आकाशीय बिजली की चपेट में आई, मौके पर ही मौत

**देवरीकलाँ।** देवरी विकासखण्ड के ग्राम सिंगपुर गंजन शुक्रवार की शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक स्कूली ठात्रा की मौके पर मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब छात्रा अपनी सहपाठियों के साथ स्कूल प्रांगण से बाहर निकल रही थी। उसी दौरान बादलों की गड़गड़हट और तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली ने से छात्रा को चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

# नर्मदा क्षेत्र के गांवों में फैला झोलाछाप डॉक्टरों का जाल

## सरकार के नए आदेश के पालन में प्रभावी कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगरों सहित नर्मदा क्षेत्र के प्रत्येक बड़े ग्राम में तथाकथित झोलाछाप डॉक्टर हर मर्ज का उपचार करते रहते है। उनके पास किस पैथी की डिग्री है। यह तो कोई नहीं जानता परंतु इंजेक्सन, बाटल लगाने और दवाईयों के नाम पर मनमानी फीस वसूली का खेल चलता रहता है।

ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी प्राथमिक स्वा. केन्द्रों, उप. स्वा केन्द्रो में डॉक्टर न होने, विभिन्न प्रकार की निःशुल्क जांचें और दवाईयों के प्रति बनी जिम्मेदारों की उदासीनता से ग्रामीण बीमार सरकारी अस्पतालों में उपचार की समुचित व्यवस्थाए न होने के कारण ही प्रायवेट डॉक्टरों, तथाकथित झोलाछाप डाक्टरों के पास जाकर उपचार करवाना मजबूरी बना रहता है।

### वर्षो से डॉक्टरों की कमी

देवरी के प्राथमिक स्वा. केन्द्र, उदयपुरा के सामु. स्वा. केन्द्र, कुचवाडा, छातैर, केतोघान, उंटिया कलां, खरगौन, गूगलवाडा, डूमर के प्राथमिक स्वा. केन्द्रों, सिविल अस्पताल बरेली, सामु. स्वा. केन्द्र बाड़ी में वर्षो से डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। जन संख्या बढ़ने के साथ मरीजों की संख्या बढ़ रही है। परंतु सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों, रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद वर्षो से




खाली पडे हुए है। पूर्व के वर्षो में रायसेन जिले के डॉ. प्रभुराम चौधरी, प्रदेश के स्वा. मंत्री रहे वर्तमान में उदयपुरा बरेली क्षेत्र के विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल प्रदेश के स्वा. रायमंत्री है। नर्मदा क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों की वर्षो से बदहाल स्थिति के कारण केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न स्वा. योजनाओं पर प्रतिवर्ष करोड़ों की बजट राशि खर्च हो रही है। अस्पतालों की स्थिति, उपचार व्यवस्था में गुणात्मक सुधार न होने से आखिरकार विभिन्न योजनाओं में मिल रही राशि और उसके खर्च में व्यापक स्तर पर अनिमित्ताए आंकडो का खेल बने रहने की चर्चाए बनी हुई है। जब सरकारी अस्पतालों की स्थिति ठीक नहीं है, तब ग्रामीण मजदूर, गरीब उपचार के लिए प्रायवेट डॉक्टरों, प्रायवेट अस्पतालों या गांव-गांव में बैठे तथाकथित झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में पहुंच कर महंगा उपचार कराने, प्राइवेट में जांच, दवाइयां खरीदने मजबूर बने रहते है। सरकारी अस्पतालों में भली प्रकार उपचार व्यवस्था न होने का झोलाछाप तथाकथित डाक्टर हर रोग के इलाज के नाम पर मनमानी फीस वसूलते रहते हैं।

पूर्व के वर्षो में उदयपुरा के तथाकथित डाक्टरों के विरूद्ध जांच कार्रवाई के बाद मामला शांत हो गया। गांव-गांव में बैठे तथाकथित डाक्टरों का धंधा पूर्व के समान चल रहा है। सरकार के नए आदेश पहल पर स्वा. विभाग के जिम्मेदार निचले स्तर पर क्या प्रभावी कार्यवाही करते है या हमेशा की तरह उदासीनता बनी रहेगी। चर्चाओं का विषय बन रहा है।

### स्वच्छता गतिविधियां और विभिन्न जागरूकता अभियानों का आयोजन

**सागर।** शासन के आदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन ( शहरी) अंतर्गत शहरी स्वच्छता को संवहनीय बनाए रखने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों के परिपेक्ष्य में नागरिक सहभागितासे विशेष सफाई अभियानों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्वच्छता गतिविधियां और विभिन्न जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार 19 जुलाई को सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने और इसके उपयोग से पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने वार्डों में एक दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों द्वारा वार्डों के नाला-नालियों की विशेष सफाई कर उसमें पड़ी पॉलीथिन और कचरे को साफ किया गया।

### वैश्य महासम्मेलन में हुई नियुक्तियां

**सागर।** वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री उमा शंकर गुप्ता ने महामंत्री निकेश गुप्ता की अनुशंसा पर संगठन में नियुक्तियां की है। मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता के अनुसार सम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष गिरजेश सोनी एवं शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मोहन अग्रवाल नियुक्त किए गए है। नव नियुक्त पदाधिकारियों का प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, आदेश जैन, विजय नीखरा आदि ने पुष्पहार से स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया।

**IN The Court Of XVI Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Bhopal**

Presiding Officer: संदीप कुमार श्रीवास्तव

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MACC/0000837/2023)

पूजा बाई ............................ वादी

vs

रुपिन्दर सिंह ............................ प्रतिवादी

Process Id-/2024 पेशी दिनांक: 22/07/2024

प्रेषिती-

(1) कल्लू कटारिया पिता मेहताब सिंह कटारिया पता- अयोध्या बस्ती सिरोंज थाना सिरोंज जिला विदिशा

यह कि प्रार्थी पूजा बाई ने आपके विरूद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधि. के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 08 June 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश (संदीप कुमार श्रीवास्तव)**
**सोलहवें अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जिला न्यायालय, भोपाल**

# झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग ने कसा शिकंजा, क्लीनिक छोड़ भागे

## चार को थमाया नोटिस, झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिलेभर में सीएम डॉ मोहन यादव के निर्देश के बादवजूद बिना डिग्री इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। शुक्रवार को भी रायसेन जिला मुख्यालय पर सांची बीएमओ डॉ स्मृति सिंह और नायब तहसीलदार प्रतिमेश तिवारी टीम के साथ झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक पर पहुंचे। हालांकि, कार्रवाई से पहले ही कई डॉक्टर अपनी क्लीनिक छोड़कर भाग खड़े हुए।

स्वास्थ्य और राजस्व की टीम द्वारा सबसे पहले दुर्गा चौक पर संचालित होने वाली डॉक्टरों की दुकान पर पहुंचे यहां सौरभ डेंटल क्लीनिक पर जांच पड़ताल की इसमें टीम द्वारा पाया गया कि जो वेस्टिज सामान है उसको सही तरीके से डिस्पोज नहीं किया जा रहा है। इस पर डॉ. सौरभ जैन को नोटिस थमाया गया। इसके बाद टीम गंजबाजार पहुंची तो यहां ज्यादातर झोलाछाप डॉक्टर अपनी क्लीनिक छोड़कर भाग चुके थे।

टीम मां दुर्गा दवाखाना पहुंची पर यहां पर जिसके नाम से डिग्री थी वह डॉक्टर मौजूद नहीं था इसके बाद टीम आगे बड़ी तो मेडिकल स्टोर के पास में संचालित श्री शारदा क्लीनिक पर ज्वेलर्स का फ्लैक्स लगा था और कुर्सी से डॉक्टर गायब था। इस क्लीनिक पर कई एक्सपायरी डेट की दवाई भी पाई गई। टीम द्वारा नोटिस देने की कार्रवाई की गई।



### पूरे जिले में फैला झोलाछाप डॉक्टरों का जाल

*रायसेन जिले में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल फैला हुआ है अकसर इन डॉक्टरों के इलाज से लोगों की मौत के मामले भी सामने आते रहते हैं इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है। मेडिकल के आड़ में यह डॉक्टर मरीज का इलाज करते हैं। कोई डिग्री नहीं होने के बाद भी मरीज को बोतल लगाने के साथ इंजेक्शन लगाकर बेधड़क इलाज करते हैं कई गांव में तो हालात और ज्यादा बत्तर है यहां पर ग्रामीणों का इलाज भगवान भरोसे ही किया जाता है।*

## स्वास्थ्य विभाग अमले ने किया किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

कलेक्टर अरविंद दुबे तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायसेन के निर्देश पर जिले भर में झोलाछाप चिकित्सको पर कार्रवाही किए जाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा हैं तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में शुक्रवार को ब्लाक मेडीकल अधिकारी डा. एचएन मांडरे ने अमले के साथ क्षेत्र के झोलाछाप चिकित्सको के दावाखना का निरीक्षण किया।

निरीक्षण की भनक मिलते ही दवाखाना संचालक अपने क्लीनिक बंद का भाग खड़े हुए। हालांकि अमले के द्वारा नियम विरुद्व संचालित किए जा रहे 3 क्लीनिक सील किए जाने की कार्रवाई की गई।



नियम विरुद्व संचालित हो रहे क्लीनिको पर कार्रवाई किए जाने को लेकर सीबीएमओ डा. एच एन मांडरे के द्वारा शुक्रवार को अमले के साथ कस्बा बम्होरी के क्लीनिक की जांच की। जांच की भनक मिलते ही नियम विरुद्व संचालित किए जा रहे क्लीनिको को उनके संचालक बंद कर भाग खड़े हुए। अमले के द्वारा कस्बा बम्होरी के विकास क्लीनिक संचालक डा. गोविंद रघुवंशी, सिंह क्लीनिक संचालक डा.दीपिका सिंहा तथा सोनी क्लीनिक संचालक डा. महेश कुमार सोनी के क्लीनिकों को नियम विरुद्ध पाए जाने पर सील किए जाने की कार्रवाई की गई।

कार्रवाई की भनक लगते ही अनेक क्लीनिक संचालक भाग खड़े हुए। अमले के द्वारा नियम विरुद्व संचालित किए जा रहे क्लीनिको को सील किए जाने व झोला छाप चिकित्सको पर शिंकजा कसने से क्षेत्र के झोला छाप चिकित्सकों में हड़कंप मचा हुआ है। अमले में नायब तहसीलदार योगेश्वर भारती स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी हेमंत सराठे, संजय सराठे, पुष्पेंद्र रघुवंशी सहित पुलिस के जवान भी मौजूद रहे। यह कार्रवाही स्वास्थ्य विभाग, राजस्व व पुलिस के द्वारा संयुक्त रुप में की गई।

---

### पशु चिकित्सक के क्रियाकलापों पर जताई नाराजगी

# विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने किया सांईखेड़ा गोशाला का निरीक्षण

## डिप्टी डायरेक्टर ने मौजूद पशुओं को टैग लगाने, रजिस्टर संधारण करने के भी दिए निर्देश, पशु चिकित्सक को होंगे नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

फॉलोअप

पशु आहार घोटाले को लेकर प्रदेश भर में चर्चित हो चुकी सांईखेड़ा गोशाला का पशु पालन विभाग के संयुक्त संचालक रमेश शुक्ला ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शुक्ला ने सिलवानी के पशु चिकित्सक के क्रिया कलापो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस मौके पर जनपद सीईओ नीलम रायकवार भी मौजूद रही।

जानकारी के अनुसार सहायक संचालक शुक्ला ने सांईखेड़ा स्थित राधाकृष्ण गोशाला का औचक निरीक्षण किया, उन्होंने गोशाला में गायों की संख्या व उनकी स्थिति को जाना, भूसा केंद्र तथा गोशाला परिसर का भी निरीक्षण किया, दो रजिस्टर संधारण किए जाने के भी निर्देश दिए।

### लापरवाही पर सौंपे नोटिस

यहां पर पशु चिकित्सक को निर्देशित किया कि गायों के कान पर टेग लगाए जावे, तय समय पर स्वास्थ्य की जांच की जावे,



निरीक्षण के दौरान गोशाला का संचालन कर रहे समूह की महिला पदाधिकारियों से भरी चर्चा की गई।

मीडिया से चर्चा करते हुए शुक्ला ने कहा कि पशु चिकित्सक को कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा, संतोष जनक जवाब न आने पर कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात रहे सांईखेड़ा गोशाला में गायों के लिए आए पशु आहार में जमकर वंदरबांट की गई है। करीब 16 लाख रुपए की राशि आहरण कर ली गई है। इसके अतिरिक्त अन्य अनियमितताएं भी व्याप्त है। हालांकि राशि का आहरण करने, पशु आहार में घोटाला किए जाने के मामले की जांच एसडीएम के द्वारा की जा रही लेकिन जांच अधिकारी जांच को लंबित रखे हुए है। चल रही चर्चाओ पर विश्वास किया जावे तो जांच अधिकारी घोटाले के आरोपियो को बचाने का प्रयास कर रहे है।

---

# शहर में पार्किंग न होने से बन रही जाम की स्थिति, वाहन चालक हो रहे परेशान

## एक भी बैंक के पास नहीं पार्किंग व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में सड़कों पर अतिक्रमण होने से प्रतिदिन जाम के हालात बन रहे हैं। राहगीरों, वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता है। शहर के अंदरूनी हिस्से की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है। बाकी की कसर दो पहिया वाहन चालक पूरी कर देते है। बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़ने लगती है। दोनों ओर के दुकानदार सड़कों को ही शोरूम बना देते हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है।

मुख्य बाजार में सुबह से लेकर देर रात यातायात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान हैं। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में महामाया चौक, भोपाल-सागर तिराहा, माता मंदिर चौराह पर आये दिन जाम की स्थिति बन रही है। इन मार्गो पर किराना, स्टेशनरी, स्कूल सामग्री, कपड़ा सहित अन्य जरूरी सामानों की दुकानें हैं। कई दुकानदारों द्वारा सामान और शोकेस रख लिए जाता है।

### दुकान के बाहर रखा समान

*शहर के सांची मार्ग पर भोपाल-सागर तिराहे से लेकर माता मंदिर चौराहे तक अनेकों दुकानदारो के द्वारा सड़क पर सामान रख का कब्जा कर लिया है। फलस्वरुप दिन में अनेको बाद जाम के हालात बनते है। एक तो दुकानदारो का सड़क के आधे हिस्से पर सामन रखकर कब्जा कर लेने दूजा खरीदारी करने बाजार आने वाले नागरिकों द्वारा दो, चार पहिया वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देने से पैदल राहगीरो को परेशानी होती है।*

### बाजार की गलियों में भी जाम

*शहर के मुख्य बाजार में जब ग्राहक को वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं मिलती है तो वे नगर की संकरी गलियों में ही वाहनों को रखकर खरीदी करने चले जाते हैं। ऐसे में छोटी-छोटी गलियों में भी घटो जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के दौरान हार्न का इस्तेमाल भी खूब होता है, जिससे सभी परेशान होते है।*

### गंगा जल संवर्धन अभियान पर हुई चर्चा

सिलवानी। जनपद पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को सामान्य सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष ठाकुर तरुवर सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई, यहां पर सीईओ नीलम रायकवार भी मौजूद रही। बैठक में गंगा जल संवर्धन अभियान, 15 वे वित्त वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना सहित एजेंडा के अन्य बिंदुओ पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों की योजनाओ व संचालन पर भी बैठक में चर्चा कर समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारी मौजूद रहे।

### जिले में अब तक 301.2 मिलीमीटर औसत बारिश हुई रिकॉर्ड तथा बीते 24 घंटे में 3.4 मिमी बारिश

**रायसेन।** जिले में 1 जून से 19 जुलाई तक 301.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई वर्षा से 179.5 मिमी कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। जानकारी के अनुसार अब तक रायसेन में 293.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 193.6, बेगमगंज में 320.3, सिलवानी में 305.6, गौहरगंज में 299.9, बरेली में 445.6, उदयपुरा में 294.4, बाड़ी में 347.5, सुल्तानपुर में 320.2 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 190.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में बीते 24 घंटे में 19 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक 3.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 8.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 0.8, सिलवानी में 12.4, बरेली में 0, उदयपुरा में 2, बाड़ी में 0, सुल्तानपुर में 10.4 तथा देवरी में 0 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

---

### अधिकारी नए आपराधिक कानून का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें: संभागायुक्त

## नए कानून के संबंध में दिया एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश में 1 जुलाई 2024 से नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, दंड संहिता प्रक्रिया के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम प्रभाव में आ गए हैं। पुलिस एवं प्रशासन के समस्त अधिकारी इनका अच्छी तरह अध्ययन कर ले जिससे इनका जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। सभी कलेक्टर अपने-अपने जिलों में इस संबंध में प्रशिक्षण आयोजित करें।

संभाग आयुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में भोपाल संभाग के प्रशासन के अधिकारियों के नए कानून के संबंध में एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण को संबोधित किया। प्रशिक्षण में बताया कि नए कानून नागरिक केंद्रित कानून है तथा इसमें मौखिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक संचार से एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है।

### 20 जुलाई तक कर सकेंगी आवेदन

## गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना में आवेदन सुविधा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर सुविधा प्रारंभ कर दी गई हैं। उक्त सत्र में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं 20 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगी।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा आरके गोस्वामी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित




समस्त पात्र छात्राएं गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि समस्त प्राचार्यों को उक्त सत्र में आवेदन करने से शेष, पात्र समस्त छात्राओं को जानकारी उपलब्ध करवाकर आवेदन कराने और पोर्टल पर दर्शित आवेदनों के निराकरण (सत्यापन/भुगतान) की कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है।

# दीवानगंज, सेमरा तथा अंबाडी में बिजली नहीं रहने से ग्रामवासी हो रहे परेशान

## जबकि आसपास के सभी ग्रामीण अंचलों में रहती है बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में महीने भर से ग्रामवासी बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं यहां पर आसपास के 20 गांव में बिजली रहती है मगर दीवानगंज अंबाडी, सेमरा गांव में नहीं रहती है यहां पर 10 मिनट के लिए बिजली आती है और 2 घंटे के लिए चली जाती है। यह स्थिति महीने भर से यही बनी हुई है यहां पर सभी दुकानदारों का धंधा चौपट हो चुका है।

क्योंकि दीवान गंज ही एक ऐसा कस्बा है जहां पर आसपास के ग्रामीण कई कार्य कराने के लिए आते हैं मगर बिजली नहीं होने के कारण वे सभी निराश होकर वापस चले जाते हैं। इस समस्या का कोई भी निराकरण नहीं हो पा रहा है दिनोंदिन



बिजली की कटौती बढ़ती जा रही है। अभी 8 दिन से तो ऐसी स्थिति है कि सुबह 7 बजे जाती है और शाम तक 5-10 मिनट के लिए आती है। कई घंटों दिन में बिजली का अता पता नहीं रहता है। रात में कई बार चली जाती है, जिससे उमस भरी गर्मी के मौसम में ग्रामीणों की समस्या अति गंभीर होती जा रही है। अब तो बारिश होने लगी है जिस कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। बिजली की यही स्थिति रही तो ग्रामीणों वासियों ने मन बना लिया है कि वह आंदोलन करेंगे, जबकि सरकार दावा करती है के मध्यप्रदेश में सरप्लस बिजली उपलब्ध है अगर सरप्लस बिजली उपलब्ध है तो बिजली की कटौती क्यों हो रही है।

जरा सा पानी गिरता है तो घंटे बाद बिजली गुल हो जाती है और जब जानकारी लेते हैं तो कहा जाता है कि फाल्ट है बिजली समस्या के कारण ग्रामवासियों पानी के लिए तरस गए हैं। यहां पर पंचायत द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है जो डायरेक्ट ट्यूबवेल चलाकर घरों में पानी पहुंचता है जब घंटो घंटो बिजली उपलब्ध नहीं रहेगी तो पानी की किल्लत तो दिनों दिन बढ़ती जाएगी।

### ग्राम कयामपुर में आकाशीय बिजली गिरी

**दीवानगंज।** ग्राम कायमपुर में गुरुवार दोपहर 4:30 के लगभग अमर सिंह पिता बालकिशन जाटव कोटवार के खेत पर आकाशीय बिजली गिरने के कारण बिजली



कुवल जगह जगह टूट गई। अमर सिंह जाटव ने बताया कि मैं गुरुवार को अपने खेत पर मजदूरों को लेकर धान लगा रहे थे इतने में जोर से आवाज आई हमने देखा तो एक खाकर के पैड पर बिजली गिर गई। पास में से पंप के लिए बिजली केवल भी निकली थी उसके तार बहार निकल जाए। पंप की मोटर भी जल गई। गनीमत रही कि मजदूर इसकी चपेट में नहीं आए नहीं तो ड़ी अनहोनी हो सकती थी।

---

# सांची विवि में 500 पौधे लगाए गए पूर्व मंत्री चौधरी ने किया पौधरोपण

## कुलसचिव, शिक्षक-छात्र, अधिकारी-कर्मचारी ने भी किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शुक्रवार को सलामतपुर स्तिथ सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय परिसर में 500 पौधे लगाकर वृह्द स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। सांची विधायक व पूर्व मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा लोगों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई।

सांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, सांची जनपद की अध्यक्ष अर्चना पोर्ते, जनपद सीईओ बंधु सूर्यवंशी, जनपद सदस्यों और भाजपा नेताओं



के साथ मिलकर पौधरोपण किया। सांची विश्वविद्यालय के शिक्षक-छात्रों, अधिकारी व कर्मचारियों ने लोगों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। विश्वविद्यालय के मुख्य गेट की बायीं तरफ एक साथ 500 पौधों को लगाया गया। इस कड़ी में अभी 700 पौधों को परिसर की चारदीवारी के चारों ओर लगाया जाना है। इन पौधों को जानवरों से बचाने के लिए सांची विश्वविद्यालय ने बांस के ट्री गार्ड तैयार कराए हैं।

### 11 साल से यात्रा पर जा रहा जत्था

## मां वैष्णो देवी यात्रा पर रवाना हो गया 8 युवाओं का जत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के 8 युवाओं का जत्था मां बैष्णो देवी की यात्रा के लिए रवाना हुआ। 12 दिन बाद जत्थे की नगर वापसी होगी। यह युवा बीते 11 साल से लगातार मां वैष्णो देवी दरबार में माथा टेकने के लिए यात्रा कर रहे है। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व युवाओ ने नगर के मॉ विजयासन मंदिर में माथा टेका, यात्रा पर जाने वाले युवाओं का नागरिकों ने फूल मालाओं से स्वागत कर सफल यात्रा की शुभकामनाए दी।

युवा मुकेश साहू, अर्पित राय, नितिन चौरसिया, दिनेश सेन, गोविंद कुशवाहा, रमेश चौरसिया, रवि ठाकुर, प्रदीप रैकवार 12 दिवसीय मां वैष्णो देवी की यात्रा पर गुरुवार रात्रि को रवाना हुए। यह जत्था देवी दरबार में माथा टेक कर समृद्धि व शांति सद्भाव के लिए



प्रार्थना करेगा। युवाओं का जत्था यात्रा के दौरान बाबा अमरनाथ, अयोध्या, काशी, बनारस, हरिद्वार आदि तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर पूजा, अर्चना व दर्शन करेगें। ज्ञात रहे कि यह जत्था बीते 11 साल से लगातार मॉ वैष्णो देवी के दरबार में पहुंच कर अपनी हाजिरी लगा रहे है।

# जैन चैत्यालय में अष्टांहिका पर्व के छठवें दिन लोगों ने सुने प्रवचन

## तीव्र कर्म का उदय होने से जीव धर्म से विमुख हो जाता है : शांतानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

संकल्प ले कि कभी भी किसी भी जीव को गिराने, आलोचना करने का कार्य नहीं करेगें, काम्प्टीशन गिराने का नही बल्कि गिरे हुए को संभालने का होना चाहिए, काम्प्टीशन ऐसा हो जहां कि सुख की प्राप्ति हो, पुरुषार्थ प्राप्त हो, ऐसा नहीं कि आगे निकलने की होड़ में जीवन का ध्यान ही न रहे। काम्प्टीशन करते समय संयम बरतना होगा। यह उद्गार बाल ब्रम्हचारी शांतानंद महाराज ने व्यक्त किए।



वह नगर के तारण तरण जैन चैत्यालय में अष्टांहिका पर्व के छठवें दिन शुक्रवार को धर्मसभा में समाजजनो को संबोधित कर रहे थे। यहां पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि स्वयं को धर्म में स्थिर रखना चाहिए। कर्म प्रत्येक जीव के साथ रहता है, तीव्र कर्म आने पर जीव धर्म, संयम के मार्ग से भटक जाता है। कर्म किसी को भी नही छोड़ता है चाहे वह साधु संयासी, त्यागी, वृति, ऋषि मुनि ही क्यो ना हो।

उन्होंने बताया कि काम्प्टीशन संसारिक बस्तुओ मसलन मकान, दुकान, कार, व्यापार में ना हो ना ही इन वस्तुओ में उलझा जावे।